आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 26.01.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– राष्ट्र आज मना रहा है सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर ली परेड की सलामी।

2– छत्तीसगढ़ में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है गणतंत्र दिवस–राज्यपाल ने रायपुर में और मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में तिरंगा फहराया।

3– सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से माओवाद प्रभावित बीजापुर और सुकमा जिले के कई गांवों में आजादी के बाद पहली बार मनाया गया गणतंत्र दिवस।

**और**

4– गणतंत्र दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर प्रस्तुत छत्तीसगढ़ की झांकी बनी आकर्षण का केन्द्र–नवा रायपुर के जनजातीय डिजिटल संग्रहालय की दिखाई गई झलक।

...........

**<u>गणतंत्र दिवस–दिल्ली</u>**

राष्ट्र आज सतहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व किया। समारोह का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय समर स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ।

राष्ट्रपति परेड के मुख्य अतिथि, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन के साथ एक औपचारिक बग्गी में कर्तव्य पथ पहुंचीं। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान हुआ और इक्कीस तोपों की सलामी दी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार, अशोक चक्र से सम्मानित किया।

**प्रधानमंत्री–गणतंत्र दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत ने बहुत ही उत्साह और गर्व के साथ गणतन्त्र दिवस मनाया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्तव्य पथ पर भव्य परेड में देश के लोकतंत्र की मजबूती, संस्कृति समृद्धि और राष्ट्र को एक साथ बांधे रखने वाली एकता का प्रदर्शन हुआ। उन्होंने कहा कि परेड में भारत के अभेद्य सुरक्षा तंत्र को भी प्रदर्शित किया गया जो राष्ट्र की तैयारियों, प्रौद्योगिक क्षमता और अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन की गणतन्त्र दिवस समारोह में मेजबानी करने का गौरव मिला। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की उपस्थिति भारत–यूरोपीय संघ की मजबूत हो रही साझेदारी और साझा मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।

**छत्तीसगढ़–झांकी**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर प्रस्तुत छत्तीसगढ़ की झांकी ने देश–दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। "स्वतंत्रता का मंत्र–वंदे मातरम" थीम पर आधारित इस झांकी के जरिए जनजातीय वीर नायकों की गौरवगाथा प्रस्तुत की गई। झांकी के सामने छत्तीसगढ़ के कलाकार पारंपरिक लोक नृत्य करते

हुए चल रहे थे। झांकी में नवा रायपुर अटल नगर में स्थापित देश के पहले जनजातीय डिजिटल संग्रहालय की झलक दिखाई गई, जहां छत्तीसगढ़ सहित देश के चौदह प्रमुख जनजातीय स्वतंत्रता आंदोलनों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से संरक्षित किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों और विशिष्ट अतिथियों ने झांकी को उत्सुकता के साथ देखा और तालियां बजाकर सराहना की।

**गणतंत्र दिवस–छत्तीसगढ़–01**

छत्तीसगढ़ में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। परेड निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव विकासशील और पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने लोगों का आह्वान किया कि वे विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण में अपनी पूरी भागीदारी देने का संकल्प लें। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश के सबसे तेजी से उभरते हुए राज्यों में से एक है और प्रदेश में तेजी से अधोसंरचना का विस्तार हुआ है।

राज्यपाल ने कहा कि माओवाद हिंसा के खात्मे के लिए सुनियोजित रणनीति बनाकर काम किया जा रहा है और बस्तर से आगामी मार्च महीने तक माओवाद को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। श्री डेका ने बताया कि प्रदेश में केन्द्र सरकार की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और प्रधानमंत्री जनमन जैसी प्रमुख योजनाओं के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

समारोह में सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत तिब्बत सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल और छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल सहित अन्य प्लाटून की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट में भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राज्य के पुलिस अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक प्रदान किए। वहीं, वीर बच्चों आर्यन खेश, राकेश मिंज, आशु देवांगन, मेहुल देवांगन और कुमारी हेमाद्री चौधरी को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए।

**<u>गणतंत्र दिवस–छत्तीसगढ़–02</u>**

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों और पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस बल को राज्य स्थापना की पच्चीसवीं वर्षगांठ का पदक देने की घोषणा भी की। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने राज्य की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, नक्सल उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति, किसानों–श्रमिकों–महिलाओं के सशक्तीकरण, शिक्षा–स्वास्थ्य–औद्योगिक विकास और सुशासन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि जवानों के अदम्य साहस और सतत अभियानों के कारण प्रदेश में माओवादी हिंसा अब अंतिम चरण में है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में छब्बीस लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए गए हैं और प्रतिदिन लगभग दो हजार आवासों का निर्माण हो रहा है, जो देश में सर्वाधिक है।

समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली गईं।

**<u>गणतंत्र दिवस–छत्तीसगढ़–03</u>**

इसी तरह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जगलदपुर में, विजय शर्मा ने अंबिकापुर में, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने दुर्ग में और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने राजनांदगांव में आयोजित गणतंत्र दिवस

समारोह में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में भी राज्य शासन के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने तिरंगा फहराया।

वहीं, नवा रायपुर स्थित जनसम्पर्क संचालनालय में जनसंपर्क आयुक्त डॉक्टर रवि मित्तल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**माओवाद–गणतंत्र दिवस**

बीजापुर जिले के माओवाद प्रभावित अंदरूनी इलाकों में भी आज लोकतंत्र का पर्व मनाया गया। माओवादियों के कोर एरिया कर्रेगुट्टा हिल्स स्थित करीब पांच हजार फीट की ऊंचाई पर स्थापित नवीन सुरक्षा कैंप में सुरक्षा बलों के जवानों ने ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर तिरंगा फहराया। दशकों बाद बीजापुर के उन गांवों में गणतंत्र दिवस मनाया गया, जहां कभी राष्ट्रीय पर्व पर प्रतिबंध था। इकतीस नए सुरक्षा कैंपों के इकतीस गांवों के लोग पहली बार गणतंत्र दिवस के समारोह में शामिल हुए। इन गांवों में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारे लगाए।

इसी तरह, सुकमा जिले के दुर्गम पहाड़ी इलाकों के जिन स्थानों को लंबे समय तक माओवादियों का गढ़ माना जाता रहा, वहां भी आज गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोगुंदा की पहाड़ियों पर आज़ादी के बाद पहली बार सीआरपीएफ के चौहत्तरवीं बटालियन के जवानों ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह, सीआरपीएफ की एक सौ पचासवीं बटालियन के जवानों ने पालागुड़ा, पूवर्ती और टेकलगुड़ा जैसे अति संवेदनशील इलाकों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं, सीआरपीएफ ने गुंडराजगुड़म में भी ध्वजारोहण कर स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए।

**कृषि मंत्री–समर्थन मूल्य**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अरहर, मसूर और उड़द सहित दालों की शतप्रतिशत खरीद सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होंने नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित किसानों से चर्चा के करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जंगली जानवरों और जलभराव से होने वाली फसल क्षति के लिए भी बीमा कवरेज बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान आईडी की शुरूआत की जा रही है, जिससे ऋण, बीमा और कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। श्री चौहान ने बताया कि नकली बीज, उर्वरक और कीटनाशक बेचने वालों पर लगने वाली जुर्माने की राशि को बढ़ाकर तीस लाख रुपये तक किया जाएगा, साथ ही गंभीर उल्लंघनों के लिए कारावास का प्रावधान भी होगा।

**जवान–घायल**

बीजापुर–तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सुरक्षाबलों के दस जवान घायल हो गए हैं। फिलहाल सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।

मिली जानकारी के मुताबिक इस इलाके में माओवादी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सुरक्षा बल के जवान लगातार सर्चिंग अभियान चला रहे हैं। इसी दौरान कल कर्रेगुट्टा हिल्स के पास गश्त के दौरान एक के बाद एक कई आईईडी विस्फोट हुए और इसकी चपेट में आकर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के नौ और कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए देर रात सेना के हेलीकॉप्टर के जरिए रायपुर लाया गया है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि अस्पताल में घायल जवानों का इलाज चल रहा है।

## दुर्घटना

जगदलपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस में कुदालगाव के पास आज तेज रफ्तार मोटर सायकल और कार के बीच भिड़ंत हो गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटर सायकल सवार युवक उछलकर सीधे कार की बोनट पर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>